# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, रायपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)

## राजस्व लोक अदालत-न्याय आपके द्वार 2018

पीठासीन अधिकारीः-राजलक्ष्मी गहलोत, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः- 46/18 प्रार्थना पत्र

उनवान

1. इन्दुमल पिता डालु जाति नाई निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
2. सुखलाल पिता डालु जाति नाई निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
3. गोपीलाल पिता डालु जाति नाई निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
4. मांगी पुत्री डालु जाति नाई निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
5. प्रेमी पुत्री डालु जाति नाई निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा

**प्रार्थीगण**

बनाम

1. भैरूलाल पिता लक्ष्मण जाति सैन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
2. लाडु पिता बगतावर जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
3. भंवरलाल पिता श्रीराम जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
4. सत्यनारायण पिता शंकर जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
5. भंवरलाल पिता सोहनलाल जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
6. श्यामलाल पिता सोहनलाल जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
7. लादुलाल पिता बालु जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
8. रतनलाल पिता बालु जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
9. गोपीलाल पिता गोकल जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
10. छगनलाल पिता गोकल जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
11. मथरालाल पिता अमरचन्द जाति सेन निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
12. बालु पिता किशना जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
13. बालु पिता नेनु जाति नाई निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
14. मांगू पिता जगन्नाथ जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
15. डालु पिता जगन्नाथ जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
16. गोपी पिता जगन्नाथ जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
17. रेमत पिता कालु जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
18. प्यारचन्द पिता कालु जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
19. मोहन पिता कालु जाति कुमावत निवासी थला तहसील रायपुर जिला भीलवाडा

**विपक्षीगण**

# प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111,128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित

1. फारूख मोहम्मद

अधिवक्ता प्रार्थीगण

## निर्णय

दिनांक 01.06.2018

पत्रावली आज राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार केम्प थला मे पेश हुई। प्रकरण का सक्षेप मे विवरण इस प्रकार है ग्राम थला पटवार हल्का थला तहसील रायपुर के बैरून हल्का आबादी में प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे कास्त की आराजी संख्या 787 रकबा 0.13 है0, आराजी संख्या 800 रकबा 0.20 है0, आराजी संख्या 1469 रकबा 0.64 है0 जो खाता संख्या 31 पर दर्ज रेकार्ड है कुल किता 3 कुल रकबा 0.97 है0, स्थित है। प्रमाण में जमाबन्दी संवत् 207 1 से 2074 तक मय नक्शा ट्रेस प्रार्थनापत्र के साथ प्रस्तुत है। प्रार्थीगण की उक्त आराजियात के चारो तरफ सीमा के कोई मूश्तकील निशानात नही होने की वजह से पक्षकारान के दरम्यान आपस में सीमा सम्बन्धी विवाद पैदा होते रहते हैं। तथा प्रार्थीगण को घास आदि काटने में, फसल कास्त करने, आराजियात को विकसित करने के समय आपस में सीमा का विवाद होता रहता है। जिससे प्रार्थीगण द्वारा अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना आवश्यक हो गया है। प्रार्थीगण ने विपक्षी को कई मर्तबा पत्थरगढी कराने बाबत् कहा लेकिन विपक्षीगण हर बार टालमबाजी का जबाव देते रहे। प्रार्थीगण ने दिनांक 30/04/2018 को विपक्षीगण को अंतिम बार कहा लेकिन विपक्षीगण इन्कार हो गये जिससे प्रार्थीगण को यह प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करना पडा है। विपक्षीगण प्रार्थीगण की आराजियात के पडोसी होने से उन्हें पक्षकार बनाया गया है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को इस न्यायालय मे दिनांक 18.05.2018 को पंजीबद्ध किया जाकर विपक्षीगण को वजह जारी करने हेतु नोटिस जारी किये गये। नोटिस की पालना में विपक्षी संख्या 03, 6, 7, 9 एवं 14 उपस्थित है जिन्होने पत्थरगढी कराने मे कोई अपति नही की है। अन्य विपक्षीगण बावजुद सूचना के उपस्थित नही होने से एक तरफा कार्यवाही की गई। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख मे किसी प्रकार की हेरा–फेरी होने का कोई अन्देशा नही है तथा न किसी प्रकार से अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्यायिक सिद्धान्त के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार योग्य है। अतः

## आदेश

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि तहसीलदार रायपुर ग्राम थला पटवार हल्का थला तहसील रायपुर के बैरून हल्का आबादी में प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे कास्त की आराजी संख्या 787 रकबा 0.13 है0, आराजी संख्या 800 रकबा 0.20 है0, आराजी संख्या 1469 रकबा 0.64 है0 जो खाता संख्या 31 पर दर्ज रेकार्ड है कुल किता 3 कुल रकबा 0.97 है0, स्थित है। उक्त आराजी की पत्थरगढी विपक्षीगण की कब्जे कास्त की भूमि मे किसी भी प्रकार दखलंदाजी नही करते हुए बेशामलात पक्षकारान करा देवें। यदि किसी का कब्जा पाया जाता है तो कब्जा हटाने के लिये प्रार्थीगण सक्षम न्यायालय मे चाराजोही करे। प्रार्थीगण इस कार्य के लिये तहसील रायपुर मे रूपये 100/– अक्षरे सौ रूपये पत्थरगढी शुल्क जमा करावे एवं

प्रार्थीगण द्वारा पत्थरगढी की कमिश्नर फीस 500/– अक्षरे पांच सौ रूपये संबंधित गिरदावर हल्का को मौके पर भुगतान करना होगा। खर्चा राशि जमा होने पर तहसीलदार रायपुर विधिवत् पत्थरगढी करावे। प्रकरण निर्णित शुमार होकर नम्बर से कम हो। रजिस्टर मे दाखला अंकित किया जावें।

राजलक्ष्मी गहलोत
आर.ए.एस.
सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी)
रायपुर जिला भीलवाड़ा

निर्णय आज दिनांक 01.06.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

राजलक्ष्मी गहलोत
आर.ए.एस.
सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी)
रायपुर जिला भीलवाड़ा